Title : Need for doubling of Lucknow-Sitapur Railway Section-Laid.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): मैं सरकार का ध्यान NER रेलवे अंतर्गत लखनऊ-सीतापुर रेलखंड की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ । NER रेलवे अंतर्गत लखनऊ-सीतापुर रेलमार्ग के दोहरीकरण की अत्यंत आवश्यकता है । सरकार के संज्ञान में यह भी लाना है कि बुड़वल- सीतापुर, शाहजहाँपुर-बरेली रेलखंड पर रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है । सीतापुर-लखनऊ रेलमार्ग का दोहरीकरण करने से एक नया रूट रेलवे के लिए खुलेगा । जिस पर बहुत सारी सवारी गाड़ियों का आवागमन बढ़ाया जा सकता है । अतः मैं रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि लखनऊ-सीतापुर रेलमार्ग के दोहरीकरण कराने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें ।